सनातन धर्म के उत्थान का प्रयास अद्भुत और विलक्षण : देवकीनंदन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,11फरवरी। डबरा के नवग्रह शक्तिपीठ में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन धर्म और आस्था की बयार बही। इस दस दिवसीय समारोह के शुभारंभ पर विख्यात कथा वाचक पंडित देवकीनंदन महाराज ने शिरकत की। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के प्रयासों की जमकर सराहना की। देवकीनंदन महाराज ने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने डबरा की पावन धरा पर जो दिव्य और भव्य आयोजन कराया है, वह सराहनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए मंदिर, पुराण और प्रचारकों की अत्यंत आवश्यकता होती है। डॉ. मिश्रा इन तीनों ही स्तंभों को मजबूती दे रहे हैं। महाराज ने डॉ. मिश्रा के कार्यों को 'अद्भुत' और 'विलक्षण' बताते हुए कहा कि इसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सनातन की सेवा का जो संकल्प डबरा की धरती पर दिखाया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनेगा।

शिवपुराण कथा का शुभारंभ: समारोह के पहले दिन पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान रहा। डबरा नवग्रह शक्तिपीठ की प्राण-प्रतिष्ठा का यह उत्सव अगले दस दिनों तक धार्मिक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जारी रहेगा।

दादी नानी की रसोई से व्यन्जनों का मेला लगेगा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,11फरवरी। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग द्वारा कलेक्टर रूचिका सिंह चौहान की प्रेरणा से दादी नानी की रसोई से व्यन्जनों का मेला 14 फरवरी को जीवाजी क्लब ग्वालियर में आयोजित किया गया है। कैट, नगर निगम ग्वालियर, जिला प्रशासन, जीवाजी क्लब, स्वदेशी जागरण मंच इस आयोजन के प्रमुख सहयोगी हैं और वे शहर की ऐसी महिला उद्यमी व महिलाओं को आमंत्रित कर रहे हैं जो स्वादिष्ट व्यंजन बनाती हैं। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, जीवाजी क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र सेठ, सचिव संजय वर्मा, नगर निगम आयुक्त संघप्रिय ने उपस्थिती का आग्रह किया है ।

कृषि में अवसरों की कमी नहीं, सोच में नवाचार चाहिए

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,11फरवरी । आज कृषि केवल खेती नहीं, बल्कि सबसे बड़ा बिजनेस अवसर है। जरूरत है तो नवाचार, प्रबंधन कौशल और जोखिम उठाने के साहस की।' यह बात राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. वाय. पी. सिंह ने आईटीएम यूनिवर्सिटी के एमबीए विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कही। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में मिट्टी और पानी की विविधता को समझकर टिकाऊ खेती मॉडल अपनाना ही सफल एग्रीबिजनेस की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को विचार सृजन से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि प्रबंधन के विद्यार्थी यदि प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित नवाचार को अपनाएं तो कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एआई और आधुनिक तकनीक सहायक हैं, लेकिन कृषि नवाचार की जड़ें जमीन से जुड़ी होनी चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत सीएआईई के नोडल अधिकारी डॉ. वाय. डी. मिश्रा ने की। उन्होंने उद्यमिता और इंक्यूबेशन की अवधारणा स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को स्टार्टअप स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एग्रीकल्चर ड्रोन, ड्रोन स्कूल, रिपेयरिंग सेंटर और 'ड्रोन दीदी' जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों की जानकारी दी। समापन सत्र में सतीश शर्मा ने नाबार्ड, पीएमएफएमई और एमएसएमई योजनाओं सहित बैंक ऋण एवं सब्सिडी संबंधी जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को कृषि आधारित स्टार्टअप की योजना बनाने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और जोखिम प्रबंधन की समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी। कार्यशाला ने विद्यार्थियों को रोजगार खोजने की बजाय रोजगार सृजन की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया।

न्यायिक अधिकारियों को दिया गया मीडिएशन का प्रशिक्षण

ग्वालियर 11 फरवरी। ग्वालियर, दतिया, अशोकनगर, भिण्ड, गुना, श्योपुर, सागर एवं टीकमगढ़ जिले में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों को होटल आदित्याज में 40 घंटे का मीडिएशन प्रशिक्षण दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय मीडिएशन एवं कॉन्सीलेशन प्रोजेक्ट कमेटी नई दिल्ली तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों को सीनियर ट्रेनर एमसीपीसी म.प्र. श्रीमती गिरिबाला सिंह एवं सीनियर ट्रेनर एमसीपीसी नई दिल्ली श्रीमती रीमा भण्डारी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन पर श्री प्रियंक भारद्वाज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर द्वारा सीनियर ट्रेनर एमसीपीसी म.प्र. श्रीमती गिरिबाला सिंह एवं सीनियर ट्रेनर एमसीपीसी नई दिल्ली श्रीमती रीमा भण्डारी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

राहुल भैया ने पूर्व विधायक गजराज सिंह के स्वास्थ की जानकारी ली

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,11फरवरी । पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह (राहुल भैया) आज बुधवार को पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी लेने ललितपुर कॉलोनी स्थित निवास पर पहुँचे। जहां राहुल भैया का पुष्पहार पहनाकर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर राहुल भैया ने पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' ने राहुल भैया को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। राहुल भैया का स्वागत करने वालों में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, ब्लॉक अध्यक्षगण विनोद जैन, रेखा जाटव, राजेश तोमर, संदीप यादव, अनूप शिवहरे, एम.आई.सी सदस्य नाथूराम ठेकेदार, पार्षद केदार बरहादिया, प्रमोद खरे, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, सुरेश प्रजापति, के.के. शर्मा, महेश कुशवाह आदि शामिल रहे।

बैंकॉक में जेयू के शोधार्थियों ने लहराया परचम

प्रो. समीर के मार्गदर्शन में शोधकार्य, आकांक्षा खरे सर्वश्रेष्ठ बेस्ट पेपर पुरस्कार से सम्मानित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,11फरवरी। बैंकॉक में 6वीं इंटनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फूड प्रॉपर्टीज में जीवाजी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन बायोटेक्नोलॉजी की शोध छात्रा आकांक्षा खरे एवं प्रतिज्ञा थापक ने प्रो. समीर सुरेश भाग्यवंत के मार्गदर्शन में खाद्य विज्ञान के क्षेत्र में शोध प्रस्तुत किया। उनके शोध में मोठ (मटकी) की मधुमेह रोधी एवं उच्च रक्तचाप नियंत्रण क्षमता को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली। इस सम्मेलन में विश्वभर से वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए, जहां खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति और उभरते रुझानों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान आकांक्षा खरे को उनकी उत्कृष्ट शोध प्रस्तुति के लिए सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रो. समीर एस. भाग्यवंत ने बताया कि मोठ एक पौष्टिक दलहन है, जिसमें उच्च मात्रा में प्रोटीन, पोटेशियम और मैग्नीशियम पाए जाते हैं।

यह रक्त शर्करा एवं उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने के साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक हैं। कम पानी वाली भूमि में आसानी से उगने वाली यह फसल राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में विशेष रूप से लोकप्रिय है तथा इसका उपयोग प्राय: अंकुरित रूप में किया जाता है। उल्लेखनीय है कि मोठ की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए जीवाजी विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा इस पर एक पेटेंट भी प्राप्त किया जा चुका है।

एमिटी विवि में ब्लड ग्लूकोज जाँच एवं मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,11फरवरी। एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर की एनएसएस इकाई द्वारा नि:शुल्क रक्त शर्करा जाँच एवं मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित कैंपस मेडिकल ऑफिसर डॉ शुभम सिंह ने बताया कि मधुमेह एक दीर्घकालिक विकार है, जिसमें रक्त में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से कम या अधिक हो जाता है। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन नहीं बना पाता, या शरीर इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी के शर्मा एवीएसएम एवं कुलगुरु प्रो. डॉ. आर. एस. तोमर द्वारा किया गया। साथ ही दोनों ने स्वयं शिविर में ब्लड शुगर की जांच करवाकर उपस्थित स्वयंसेवकों तथा मेडिकल स्टाफ का उत्साहवर्धन किया तथा उनकी मेहनत एवं समर्पण की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में संस्थान में उपस्थित निर्माण श्रमिक, सफाई कर्मचारी, सुरक्षा कर्मचारी, फैकल्टी सदस्य तथा छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा कुल 350 लोगों ने अपने रक्त शर्करा स्तर की जांच करवाई। इस आयोजन में प्रो डॉ. विकास थाडा, प्रो डॉ राघवेंद्र शर्मा, डॉ रचना कठल एवं बतौर सक्रिय स्वयंसेवक के रूप में देवेश कुमार, दीपांशी बालोनी, नित्य कुशवाहा, दीपिका मंडोल, अंकित कुमार, राज यादव, आदित्य गुर्जर, श्वेता गौतम, आदर्श पांडे, अर्जुन गुप्ता, और मोहिनी भदौरिया का सराहनीय योगदान रहा । शिविर के आयोजन पर विश्विद्यालय के सभी विभाग प्रमुख ,संकाय प्रमुख और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ ने कार्यक्रम संयोजकों को बधाई दी। गौरतलब है कि ऐसे आयोजन स्वास्थ्य क्रांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगे।

आईटीएम में 10वां दीक्षांत समारोह 16 को

पद्मश्री शीन काफ निजाम और सुप्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी को प्रदान की जाएगी मानद उपाधि

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 11 फरवरी। आईटीएम यूनिवर्सिटी का 10वां दीक्षांत समारोह का आयोजन 16 फरवरी को होने जा रहा है। पिछले नौ वर्षों की तरह इस बार भी इस विशाल आयोजन में शैक्षणिक, साहित्यिक व सामाजिक क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां शिरकत करने ग्वालियर शहर में आ रही हैं। इनमें से कई विभूतियों को अपने क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए आईटीएम की ओर से मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। इस दीक्षांत समारोह में कवि, आलोचक और सांस्कृतिक कार्यकर्ता यतींद्र मिश्रा, आईटीएम यूनिवर्सिटी के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह, चांसलर रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सिथौली स्थित प्रदेश के पहले मुक्ताकाश मंच नाद एम्फीथियेटर में दोपहर दो बजे दीक्षांत समारोह स्पेशल के औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कई छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा देश की ऐसी चुनिंदा हस्तियों को मानद उपाधियां भी प्रदान कर रहा है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में नए व विशिष्ट कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इन्हें डीलिट, डीएससी, पीएचडी अवार्ड्स से सम्मानित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. योगेश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दीक्षांत समारोह में देश की ऐसी चुनिंदा हस्तियों को मानद उपाधियां प्रदान कर रहा है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में नये व विशिष्ट कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इन हस्तियों में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कवि और साहित्यिक आलोचक शीनकाफ निजाम, प्रख्यात फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी के नाम शामिल हैं। इन्हें डीलिट उपाधि से अलंकृत किया जाएगा।

पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल आर्य से मिला

ग्वालियर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का एक प्रतिनिधि मंडल लालसिंह आर्य जी पूर्व मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भारतीय जनता पार्टी से श्री आर एस तरेटिया राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी एवं प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के नेतृत्व में मिलकर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ विभाजन की धारा 49 (6) समाप्त करने एवं दोनों राज्यों की आपसी सहमति की परिपार्टी को समाप्त करने के साथ लंबित 3 प्रतिशत डीआर की घोषणा की मांग रखी। आर्य ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की उक्त मांगों पर कहा कि इसमें तो सहमति की कोई आवश्यकता ही नहीं हे ये मांग जायज हे इस पर मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री से जरूर चर्चा करूंगा । प्रतिनिधि मंडल में गीता भारद्वाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,आर पी कोरी राष्ट्रीय सचिव, ओम प्रकाश अजमेरिया एवं राधेश्याम प्रसाद आदि उपस्थित रहे ।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं,आर्मी नंबर- JC-773858L रैंक - NB SUB नाम- मनोज कुमार शर्मा, निवासी-B-830 आनंद नगर बहोड़ापुर ग्वालियर म.प्र एतद्वारा शपथपूर्वक प्रतिज्ञा और घोषणा करता हूँ कि:-कि मैं अपने पिता का नाम राधे श्याम शर्मा से बदलकर राधेश्याम शर्मा रखना चाहता हूँ। मैं प्रमाण स्वरूप आधार कार्ड और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न कर रहा हूँ। दो राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों की प्रति के साथ संलग्न कर रहा हूँ।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं,आर्मी नंबर- JC-773858L रैंक - NB SUB नाम- मनोज कुमार शर्मा, निवासी-B-830 आनंद नगर बहोड़ापुर ग्वालियर म.प्र एतद्वारा शपथपूर्वक प्रतिज्ञा और घोषणा करता हूँ कि:-कि मैं अपनी माँ का नाम सारदा शर्मा से बदलकर शारदा शर्मा करना चाहता हूँ। मैं प्रमाण स्वरूप आधार कार्ड और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न कर रहा हूँ। दो राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों की प्रति के साथ संलग्न कर रहा हूँ।

सिलावट आज आएंगे

ग्वालियर 11 फरवरी । जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 12 फरवरी को ग्वालियर जिले में ओला प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करेंगे। साथ ही डबरा में नवग्रह शक्ति पीठ मंदिर में आयोजित धार्मिक आयोजन में भी शामिल होंगे। मुरार सर्किट हाउस में प्रात: 9.30 बजे से जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ओला प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करेंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात दोपहर 3.45 बजे ग्वालियर से डबरा के लिये प्रस्थान करेंगे। डबरा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात ग्वालियर आकर रेल मार्ग द्वारा इंदौर के लिये प्रस्थान करेंगे।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं दिनेश कुमार पिता श्री कैलाश चन्द्र, जन्मदिनांक 02.05.1979, वर्तमान पता: कांशीराम साहब कॉलोनी मुरार मरघट के सामने थाटीपुर ग्वालियर म.प्र. शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ मेरे पुत्र युवराज वर्मा ने कक्षा 10वीं परीक्षा वर्ष 2024 में किडीज कॉर्नर हायर सेकेण्ड्री स्कूल, शिवपुरी लिंक रोड़ ग्वालियर म.प्र. से उत्तीर्ण की है। जिसका रोल 19134595 है। उक्त 10वीं कक्षा की अंकसूची में मेरा नाम दिनेश कुमार वर्मा अंकित है एवं मेरी पत्नी का नाम मनीषा वर्मा अंकित है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम दिनेश कुमार अंकित है एवं मेरी पत्नी का नाम मनीषा अंकित है जो कि सत्य व सही है। मैं पुत्र युवराज वर्मा की सीबीएसई 10वीं की अंकसूची में अपना नाम दिनेश कुमार वर्मा के स्थान पर दिनेश कुमार अंकित करवाना चाहता हूँ एवं अपनी पत्नी का नाम मनीषा वर्मा के स्थान पर मनीषा अंकित करवाना चाहता हूँ जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम NARESH KUMAR GUPTA था। जो मेरे पासपोर्ट पर अंकित है। परंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर NARESH GUPTA हो गया है अत: अब मुझे मेरे इसी सही नाम NARESH GUPTA S/O BADRI PRASAD GUPTA से ही जाना एवं पहचाना जाए। ADDRESS: C.NO. 81, GOVINDPURI, THATIPUR, GIRD, PO: LASHKAR CITY, GWALIOR, M.P.-474009

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, आर्मी नं. 16023996M, L/HAV, मोनू सिंह निवासी ग्राम मजपुरा पोस्ट पोरसा, जिला-मुरैना (म0प्र0) पिन 476116, है। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम **(Pravina Singh) प्रवीणा सिंह** दर्ज है जो कि गलत है। अन्य दसावेजों के अनुसार मविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु उनका सही नाम- **(Pravina Singh Rajawat) प्रवीणा सिंह राजावत** है। सत्यापित ऐफिडेविट नं. BX 682008 दिनांक 11/02/2020

नाम परिवर्तन सूचना

मैं वीरेन्द्र सिंह परिहार पुत्र श्री रामस्वरूप सिंह परिहार निवासी- मजदूर बस्ती सिंधिया नगर, धीरेन्द्र टेन्ट हाउस के पीछे, उरवाई गेट, ग्वालियर म.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. एम3162006 में मेरा नाम वीरेन्द्र सिंह परिहार दर्ज है जबकि मेरी दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम वीरेन्द्र सिंह दर्ज है। वीरेन्द्र सिंह परिहार एवं वीरेन्द्र सिंह मुझ शपथकर्ता के ही नाम हैं। मेरी दसवीं की अंकसूची में मेरे पिताजी का नाम **राम स्वरूप** दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरे पिताजी का नाम राम स्वरूप सिंह परिहार दर्ज है तथा मेरे वोटर कार्ड में मेरे पिताजी का नाम **रामस्वरूप सिंह** दर्ज है जबकि मेरे पासपोर्ट में पिताजी का नाम **राम स्वरूप सिंह** दर्ज है। उक्त तीनों नाम राम **स्वरूप, रामस्वरूप सिंह** एवं **रामस्वरूप सिंह परिहार** तीनों ही नाम मुझ शपथकर्ता के पिताजी के हैं एवं तीनों एक ही व्यक्ति हैं। उपरोक्त कथनों की सत्यता के लिए शपथ पत्र प्रस्तुत है। **सत्यापित एफि डेविट नं. DC514693 दिनांक 11/02/2026**

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शशीकुमारी पत्नी श्री योगेन्द्र एव श्रीमती भूरी पत्नी श्री भूपेन्द्र ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट स्थित गंगाराम का पुरा के पीछे नगर परिसद बामौर ग्राम पामाया जिला मुरैना में है। जो कि सर्वे क. 438/1/1/1,439/1 का भाग 1175 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 01 है, जो मेरे पक्षकारान की क्रयशुदा सम्पत्ति ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम पी 25792023ए12091095 तारीखी 05.07.2023 में राजेश कुमार गर्ग पुत्र श्री हरीकिशन गर्ग से क्रय किया। मेरे पक्षकारान के द्वारा क्रयशुदा सम्पत्ति की चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में मकान बल्ली, पश्चिम मे रोड, उत्तर में - विक्रेता सम्पत्ति, दक्षिण में विक्रेता सम्पत्ति जिसका कुल क्षेत्रफल 1175 वर्गफुट है। मेरे पक्षकारान श्रीमती नर्मदा पत्नी श्री योगेन्द्र एव श्रीमती भूरी पत्नी श्री भूपेन्द की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विकय पत्र विक्रेता राजेश कुमार गर्ग पुत्र श्री हरीकिशन गर्ग के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता के सहभागीदार कैलाश पुत्र श्री गिर्राज को कोई उज्ज व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्ज व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरे पक्षकारान अचल सम्पत्ति प्लॉट जिसका कुल क्षेत्रफल 1175 वर्गफुट पर हाउसिंग लोन की सुविधा पी. एन. बी. एच. एफ. एल. ग्वालियर से आवंटित करा रहे है, जो सुचित हो ।
दिनांक 11.02.2026
स्थान ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शशीकुमारी पत्नी श्री विनोद सिंह ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 07 स्थित ग्राम भदरौली जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क. 625 का भाग जिसका कुलक्षेत्र 900 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 62 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता मानसिंह पुत्र स्व. श्री रामरतन के परिवारिक सदस्य मुन्नालाल पुत्र स्व. श्री रामरतन एंव मीना पुत्री स्व. श्री रामरतन एंव श्रीमती गनशोबाई पत्नी स्व. श्री रामरतन की काश्त की कृषि भूमि खसरे में सयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख मे भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में रोड, पश्चिम में अन्य सम्पत्ति, उत्तर में प्लॉट क. 06, दक्षिण में प्लॉट क्र. 08 जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता मानसिंह पुत्र स्व. श्री रामरतन के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 07 मेरी पक्षकारा श्रीमती शशीकुमारी पत्नी श्री विनोद सिंह को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता परिवार के किसी सदस्य मुन्नालाल पुत्र स्व. श्री रामरतन एंव मीना पुत्री स्व. श्री रामरतन एंव श्रीमती गनशोबाई पत्नी स्व. श्री रामरतन को कोई उज्ज व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्ज व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती शशीकुमारी पत्नी श्री विनोद सिंह अचल संपत्ति प्लॉट क. 07 का कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है।
दिनांक 11.02.2026
स्थान ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भू-खण्ड कमांक 03 पर निर्मित एक आवासीय भवन जिसका क्षेत्रफल 512 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 114/1/1 राजस्व ग्राम वीरपुर का भाग होकर वार्ड क्रमांक 65, ग्राम वीरपुर तहसील एवं जिला ग्वालियर, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है:- पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में लखन बैस का प्लॉट, उत्तर में -भवन कमांक 02 धीरज गुप्ता, दक्षिण में भवन कमांक 04 अशोक सिंह बैस रास्ता स्थित है, उक्त संपत्ति को आवेदिका श्रीमती रागिनी शर्मा पत्नि श्री शिवम समाधिया निवासी नाकाचन्द्रबदनी, गड्डा वाला मोहल्ला, ग्वालियर, जिला ग्वालियर, म.प्र. ने सम्पत्ति स्वामी श्री अशोक सिंह पुत्र श्री रामसिंह राजपूत निवासी वीरपुर पहाड़िया, ग्वालियर, जिला ग्वालियर. म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ई-पंजीयन कमांक MP142602023ए12632828 से दिनांक 17/12/2023 को कयकर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, उक्त सर्वे संख्यांक की भूमि क्षेत्रफल 0.080 हेक्टेयर को विक्रेता श्री अशोक सिंह पुत्र श्री रामसिंह राजपूत अन्य सह स्वामियों के साथ संयुक्त, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करता था तथा उसके द्वारा अपने भाग की भूमि से उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र आवेदिका के पक्ष में निष्पादित किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो।
प्रेषक
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल, एडवोकेट
कार्या. -44, कैलाश विहार,
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या समय: प्रात 11.00 से सायं 05.00 तक